दिन– शनिवार दिनांक– 23 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर प्रक्रिया में छूटे हुए मतदाताओं से ऑनलाइन आवेदन लेने और आधार कार्ड को स्वीकार करने के निर्देश दिये।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार राय के पटना स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रूपये की चल–अचल सम्पत्ति का खुलासा किया।

04. और, झारखंड में भारी बारिश के बाद गया में फल्गु और मुहाने नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी। पश्चिम चंपारण के दोन से होकर गुजरने वाली पहाड़ी नदियां भी उफान पर।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। बोधगया में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसा बिल लेकर आई है जिसके दायरे में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के पद भी हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने घुसपैठ की समस्या पर गहरी चिंता जताते हुये कहा कि अप्रवासियों से उत्पन्न खतरों से देश की रक्षा के लिए शीघ्र ही जनसांख्यिकी यानि डेमोग्राफी मिशन शुरू किया जायेगा।

———बाईट———

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बोधगया में आयोजित जनसभा में राजद के दो विधायक मंच साझा करते नजर आये। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जनसभा के दौरान मंच पर नवादा की विधायक विभा देवी और रजौली के विधायक प्रकाश वीर को मंच पर बैठा देखा गया। राजनीतिक हलकों में राजद विधायकों का एनडीए नेताओं के साथ मंच साझा करना सुर्खियों में बना हुआ है।

——————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रारूप सूची से हटाये गये मतदाताओं से ऑनलाइन आवेदन लेने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुये न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे. माल्याबागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं, वे आधार कार्ड या ग्यारह स्वीकार्य दस्तावेज़ों में से किसी एक के साथ ऑनलाईन दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यायालय ने इस प्रक्रिया में कोई दस्तावेज भौतिक रूप से जमा करने पर जोर नहीं देने को कहा है। साथ ही न्यायालय ने राज्य भर के राजनीतिक दलों और उनके बूथ–स्तरीय एजेंटों से उन लोगों की सहायता करने को कहा जो अपने गणना फॉर्म जमा करने में असमर्थ थे और परिणामस्वरूप उनके नाम मतदाता सूची से छूट गए थे।

———————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार राय के पटना स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रूपये की चल–अचल सम्पत्ति का खुलासा किया है। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने बताया कि छापेमारी में बावन लाख रूपये नकद और छब्बीस लाख रूपये के जेवरात समेत भारी मात्रा में अधजले नोट बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि जमीन और निवेश के दर्जनों कागजात भी जब्त किये गये हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी की भनक लगने के बाद इंजीनियर दम्पति द्वारा लाखों रूपये के नोट और दस्तावेज जला दिये गये। अधजले नोटों से घर की पाईपलाईन जाम हो गयी। अधीक्षण अभियंता को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी पत्नी के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इधर, ईओयू की टीम ने भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के पटना, भागलपुर, पूर्णियां और रोहतास स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान नकद रूपये के साथ–साथ कई शहरों में आवासीय भू–खंड के कागजात, आभूषण और निवेश के दस्तावेज मिले हैं।

———————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने नालंदा जिले के इस्लामपुर के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार को चालीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायकर्ता से आशा कर्मी के रूप में चयन के लिए घूस ले रहा था।

———————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा "दिव्य कला मेला" का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला इकतीस अगस्त तक चलेगा। मेले का उद्घाटन केन्द्रीय सामाजिक न्याय और

अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के सीएमडी विनीत राणा ने बताया कि मेले में बीस राज्यों के दिव्यांगजन अपने उत्पादों के स्टॉल लगायेंगे।

———बाईट———

——————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने सभी विद्यालय, महाविद्यालय और अस्पतालों के आस–पास अनिवार्य रूप से साइलेंस जोन बनाने का निर्देश दिया है। न्यायमूति राजीव राय की पीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुये पटना जिला प्रशासन और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यह निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि राजधानी पटना में आज भी सुबह छह बजे से लेकर रात दस बजे तक डीजे बजाने के मामले देखे जा रहे हैं, इस पर प्रभावी रोक लगाये जाने की आवश्यकता है। मामले की अगली सुनवाई बारह सितम्बर को होगी।

——————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, औरंगाबाद, गया और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, भोजपुर, बक्सर, रोहतास और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है।

——————————————————————

झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गया से होकर गुजरने वाली फल्गु और मुहाने नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———बाईट———

गयाजी में फल्गु नदी के पानी में कल अचानक बढ़ोतरी से दर्जनों पशु फंस गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह तक सभी पशु नदी के तेज धार में फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, मुहाने नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बोधगया के बसाढी, सिलौंजा, बतसपुर, घौंघरिया और मोराटाल गांव के सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने देर रात बाढ़ प्रभावित कई गांवों में स्थिति का जायजा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के दोन से होकर गुजरने वाली पहाड़ी नदियों के जलस्तर में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है।

——————————————————————

पूर्णियां जिले के कसबा थाना क्षेत्र अन्तर्गत महावीर चौक स्थित कोसी धार में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक महिला और एक बच्ची भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी एक ही मोहल्ले के थे और धार में स्नान करने

के लिए उतरे थे। इसी दौरान एक बच्ची पानी में डूबने लगी, उसे बचाने के क्रम में यह हादसा हुआ। सभी शव बरामद कर लिये गये हैं।

——————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के नौ सौ पैंतीस पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित है। आयोग ने कहा है कि इस पद के लिए वस्तुनिष्ठ प्रकृति की सिर्फ एक लिखित परीक्षा आयोजित होगी। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सत्ताईस अगस्त से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि सत्ताईस सितम्बर निर्धारित है।

——————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत केल्हनपुर सोन नदी बालू घाट पर बालू माफिया ने खनन विभाग की टीम पर पथराव कर दिया। इस हमले में खनन निरीक्षक समेत चार कर्मी घायल हो गये। इस मामले में एक बालू माफिया की गिरफ्तारी हुई है जबकि इकतीस नामजद समेत दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

——————————————————————

गोपालगंज के पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय का नई दिल्ली में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। काली प्रसाद पांडेय उन्नीस सौ अस्सी में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गये थे। वे उन्नीस सौ चौरासी में गोपालगंज से निर्दलीय सांसद बने थे। बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गये थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना जतायी है।

——————————————————————

मधुबनी जिले की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी अमरजीत कुमार को बीस वर्ष कारावास और अट्ठाईस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इधर, व्यवहार न्यायालय परिसर से पुलिस ने एक युवक को जमानत के लिए जज के नाम पर पैसा उगाही करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

——————————————————————

भोजपुर जिला प्रशासन ने अवैध बालू खनन की शिकायतों पर बारह धर्मकांटा सील कर उनके मालिकों पर लगभग अड़तीस लाख रूपये का जुर्माना लगाया है।

——————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से जुड़ी

खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रधानमंत्री ने बोधगया में चौदह परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण और सिमरिया में छह लेन पुल का उद्घाटन किया।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– घुसपैठियों को नहीं तय करने देंगे भारत का भविष्य–प्रधानमंत्री

दैनिक भास्कर ने वोटर अधिकार यात्रा से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– वोट चोरी कर लोकतंत्र को खत्म कर रही केन्द्र और राज्य की सरकार–राहुल।

प्रभात खबर ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– हटाये गये वोटर ऑनलाईन भी कर सकेंगे आवेदन, आधार मान्य।

आज अखबार लिखता है– भ्रष्टाचार के खिलाफ ईओयू का कडा प्रहार। इंजीनियर निकला धनकुबेर। रजिस्ट्रार के चार ठिकानों पर छापेमारी।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– एससी का आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद पुराने इलाके में छोड़ने का निर्देश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर प्रक्रिया में छूटे हुए मतदाताओं से ऑनलाइन आवेदन लेने और आधार कार्ड को स्वीकार करने के निर्देश दिये।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार राय के पटना स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रूपये की चल–अचल सम्पत्ति का खुलासा किया।

04. और, झारखंड में भारी बारिश के बाद गया में फल्गु और मुहाने नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी। पश्चिम चंपारण के दोन से होकर गुजरने वाली पहाड़ी नदियां भी उफान पर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।